**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**10.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**
**''मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन को सराहा।
- केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया देश के स्वाभिमान व आत्मनिर्भरता की मिसाल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किन्नौर ज़िले के शिपकी–ला में सीमा पर्यटन गतिविधियों का किया शुभारंभ।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण घटासनी–शिल्हा–कुल्लू सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का केन्द्र से किया आग्रह।

**समाचार विस्तार से...........**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत के रक्षा क्षेत्र में पिछले ग्यारह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मजबूत सीमाएं, आधुनिक सशस्त्र बल, स्वदेशी हथियार, रिकॉर्ड रक्षा निर्यात और वैश्विक विश्वास से यह क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुआ है।

**संजय सेठ**

केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को देश के स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की मिसाल बताया। केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर वे आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। संजय सेठ ने पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत 92 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है और चंद्रयान की सफलता ने देश को अंतरिक्ष विज्ञान में अग्रणी देशों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जबकि डिजिटल लेनदेन करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया है। संजय सेठ ने कहा कि आज आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति स्पष्ट है और अब किसी भी आतंकी घटना को युद्ध माना जाएगा तथा आतंकियों को पनाह देने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

संजय सेठ ने ये भी कहा कि ये 11 साल केवल शासन का नहीं बल्कि भारत के आत्म बल, संकल्प व सशक्तिकरण का योग रहा है और आने वाले समय में देश और अधिक ऊंचाईयों को छुएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

## उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राज्य के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों का प्रचार वीडियो तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में राज्य हस्तशिल्प व हथकरघा निगम लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उद्योग मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य राज्य के हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों को बड़े स्तर पर बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रचार वीडियो को सोशल मीडिया और अन्य नेटवर्क पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने राज्य हथकरघा व हस्तशिल्प की विरासत को संरक्षित करने पर भी बल दिया। हर्षवर्धन चौहान ने प्रदेश के हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों की बिक्री के लिए चंडीगढ़ में शो–विंडो–कम–सेल काउंटर खोलने की संभावना तलाशने के निर्देश भी दिए।

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज किन्नौर ज़िले के सीमावर्ती क्षेत्र शिपकी–ला में सीमा पर्यटन गतिविधियों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीमा पर्यटन गतिविधियों के आरंभ होने से पर्यटन के साथ–साथ स्थानीय लोगों की आर्थिकी भी मज़बूत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्रीय रक्षा मंत्रालय से सीमावर्ती क्षेत्र लेपचा, शिपकी–ला, गिऊ और रानीकंडा में पर्यटन गतिविधियों को अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया गया था। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिपकी–ला बॉर्डर खोलने के लिए केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और आईटीबीपी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रधानमंत्री से भेंट कर कैलाश मानसरोवर यात्रा को शिपकी–ला के रास्ते शुरू करने का मामला उठाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिपकी–ला दर्रे के माध्यम से व्यापार और सांस्कृतिक आदान–प्रदान की अपार संभावनाएं हैं और इसे देखते हुए वर्ष 2020 से भारत–चीन व्यापार के लिए बंद इस दर्रे को फिर से आरंभ करने का मामला भी केन्द्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाहौल स्पीति ज़िला से किन्नौर को जोड़ने वाले वांगतू–भावा दर्रा सड़क मार्ग को राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि इस सड़क के बनने से शिमला और काजा के बीच की दूरी करीब सौ किलोमीटर कम हो जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिपकी–ला में सरहद वन उद्यान का शुभारंभ भी किया। वे शिपकी–ला में इंदिरा प्वाइंट देखने गए और सीमा का जायजा लिया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सीमा पर्यटन गतिविधियां शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण घटासनी–शिल्हा–बधानी–भूभूजोत–कुल्लू सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री से भेंट के दौरान कहा कि पठानकोट–मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए एक वैकल्पिक मार्ग की अत्यंत आवश्यकता है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इससे करीब 55 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी और ये सड़क एक स्थाई राजमार्ग के रूप में कार्य करेगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सेवाकाल आस्था, अस्मिता, आजीविका और अर्थव्यवस्था के उत्कर्ष को सुनिश्चित करने का सेवा काल है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक व कूटनीतिक उपलब्धियों के लिहाज से अभूतपूर्व रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि विकास, गरीब कल्याण, नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत के लिए ये सेवाकाल अद्वितीय है और प्रधानमंत्री के स्वर्णिम 11 साल का कार्यकाल इस बात का प्रमाण है कि सेवा से प्रेरित शासन व्यवस्था से आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत ने नारी

सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषक उत्थान, नवोन्मेष, विरासत के संरक्षण, विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के नित नए आयाम स्थापित किए हैं।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में अंतिम संसदीय प्रतिनिधिमंडल पांच देशों की अपनी सफल यात्रा पूरी करने के बाद आज भारत लौट आया है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति व दृढ़ दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने के लिए अमरीका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा किया। शशि थरूर ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा के दौरान कई बैठकें कीं। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में उन्हें अपनी चिंताओं के संबंध में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। वहीं दूसरे समूह का नेतृत्व करने वाले भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि प्रतिनिधिमंडल ने अपनी यात्रा के दौरान कई बैठकों में आतंकवाद पर भारत के रुख को प्रस्तुत किया। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दुनिया को यह समझने की जरूरत है कि पाकिस्तान, एक सैन्य–जनरल गठजोड़ की गिरफ्त में है जिसके अनुचित काम आतंकवादी करते हैं।

## ''मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन को सराहा।
- केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया देश के स्वाभिमान व आत्मनिर्भरता की मिसाल।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किन्नौर ज़िले के शिपकी–ला में सीमा पर्यटन गतिविधियों का किया शुभारंभ।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण घटासनी–शिल्हा–कुल्लू सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का केन्द्र से किया आग्रह।